**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार के लिये निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 7(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (ग्रामीण अभियन्त्रण) बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड बेहटा के ग्राम चन्देसुवा में विनोद शुक्ला पालेसर के घर से प्राथमिक विद्यालय चन्देसुवा तक के मार्ग की दूरी जो लगभग 500 मी0 है, का रास्ता बहुत खराब है जिससे पूरे गांव की जनता एवं छात्र-छात्राओं को आने-जाने में काफी परेशानी होती है? | जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड बेहटा के ग्राम चन्देसुवा में विनोद शुक्ला पालेसर के घर से प्राथमिक विद्यालय चन्देसुवा तक के मार्ग की दूरी जो लगभग 500 मी0 है, पर इण्टरलॉकिंग लगी हुई है। अधिकांश मार्ग ठीक है, कुछ स्थानों पर रास्ता क्षतिग्रस्त है। |
| (ख) | यदि हां, तो उक्त समस्या के निदान हेतु मार्ग पर इण्टरलॉकिंग का कार्य करायेंगे? | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में नव निर्माण/अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण उक्त कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| (ग) | यदि हां, तो कब तक? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | उपरोक्तानुसार। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग।